## सार-समाचार

### विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष नोहर पहुंचे

**नोहर,** (निसं)। राजस्थान सरकार के विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष राम गोपाल सुथार सोमवार को एक दिवसिय दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य काशीराम गोदारा के निवास स्थान पर पहुंचे। जहां पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका हार्दिक अभिनंदन और स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी का झण्डा फहराकर मनाया। बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने कार्यकर्ताओं से अपने संगठन कार्यों का अनुभव सांझा किया और कहा की मैने अपना यह सफर मंडल महामंत्री से आरम्भ किया ओर आज जिस पद से सुशोभित हूं, वो सब पार्टी के कार्य की देन है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को निष्ठा से संगठन कार्य करते रहना चाहिए इसमें ही प्रगति निहित है। काशीराम गोदारा ने राज्य व केन्द्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा की अन्तोदय का ही ध्येय हमारी सरकार का मूल मंत्र है जिसको आधार मानकर प्रत्येक वर्ग का उत्थान करना हमारा लक्ष्य है। भारत माता आश्रम के महंत रामनाथ ने भारतीय जनता पार्टी की पंच निष्ठा के बारे में बताया। इस स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम में जिला महामंत्री नंदलाल वर्मा, जिला सह संयोजक मन की बात शैलेन्द्र वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पारीक, फेफाना मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश बिजारणियां, पूर्व जिला महामंत्री नरेंद्र चौधरी, महामंत्री ओम प्रकाश सुथार, उपाध्यक्ष अजीत सिंह राठौड़, कृष्ण जोशी, मंत्री सुरेंद्र गालड, श्रवण मौर्य, दशरथ गौड़, कुंदन उपाध्याय, हनुमान भार्गव, राजेंद्र भांभू, कृष्ण सागर, दाताराम जांगिड़, देवीलाल, धर्मपाल कसवां, दलीप सहारण, भूप शर्मा, सुरेंद्र बलारा, राज सिंह खोथ, राधेश्याम शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जनसंपर्क किया

**नोहर,** (निसं)। असम विधानसभा चुनाव में जैसे-जैसे मतदान नजदीक आ रहा है, कांग्रेस पार्टी ने मैदान में पूरी ताकत झोंक दी है। अल्पसंख्यक मोर्चा हनुमानगढ़ के जिला अध्यक्ष आरिफ टाक नेकांग्रेस प्रत्याशियों के लिए लगातार प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। आरिफ टाक लगातार वहां के गांव-गांव और मोहल्लों में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। उनके जनसंपर्क अभियान को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। स्थानीय जनता में कांग्रेस के प्रति बढ़ता विश्वास साफ दिखाई दे रहा है। जनसभाओं को संबोधित करते हुए आरिफ टाक ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला और कहा कि जनता अब झूठे वादों से तंग आ चुकी है और बदलाव चाहती है। कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है जो विकास, रोजगार और भाईचारे की गारंटी देती है। उन्होंने आगे कहा कि यह चुनाव इलाके के भविष्य का फैसला करेगा और जनता इस बार पूरी ताकत के साथ कांग्रेस के पक्ष में खड़ी है। उन्होंने मतदाताओं से रिकॉर्ड मतदान की अपील करते हुए कहा कि हर वोट बदलाव की आवाज बनेगा। आरिफ टाक ने कार्यकर्ताओं में भी जोश भरते हुए कहा कि वे हर घर तक कांग्रेस की नीतियों और संदेश को पहुंचाएं। उनके नेतृत्व में चल रहा यह अभियान पूरे क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में मजबूत लहर पैदा कर रहा है। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जिससे यह साफ हो गया है कि इस बार कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में है।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**नोहर,** (निसं)। यहां राम सब्जी मण्डी में वरिष्ठ कार्यकर्ता हरीश शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। पहुंचे हुए वक्ताओं ने बताया 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली में कार्यकर्ता अधिवेशन में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई अटल बिहारी वाजपेयी पहले अध्यक्ष बने थे पार्टी की रीति-नीति और देश हित में हर समय कार्य करने के कारण भारतीय जनता पार्टी देश के हर नागरिक की पसंद बनी हुई है। कार्यकर्ताओं को भी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के सदस्य होने का गर्व है। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का ध्वज लगाया गया इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष छोटू लाल सेवग, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत तिवाड़ी, पूर्व मंडल महामंत्री मोहनलाल डाबी, पूर्व उपाध्यक्ष विनोद गोल्याण, जिला मीडिया प्रभारी पुनम हिसारीया, राजकुमार कंदोई, मुकेश बंसल, राकेश हिसारिया, विजय स्वामी, संजू सैनी, सोनू सरसूत, मालचंद जोशी, पूर्व पार्षद संतलाल रेगर, पूर्व पार्षद किशन गोदारा, अभय भोजक, राजकुमार सैनी, किशन सुथार, मंडल उपाध्यक्ष किशन जोशी, पुर्व मंडल महामंत्री ओमप्रकाश लालवानी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते गिरफ्तार

**नोहर,** (निसं)। यहां पुलिस ने क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने के प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अंकित चाचाण (28) निवासी वार्ड नं. 22 पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 26 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं, साथ ही लाखों रुपये के हिसाब-किताब से जुड़ी जानकारी भी मिली है। जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा के निर्देश पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। इस पर टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के मोबाइल में सट्टे से संबंधित लेन-देन और खातों का विवरण मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। मामले में पुलिस थाना नोहर में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध सट्टा गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित

**हनुमानगढ़,** (निसं)। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत नगर परिषद हनुमानगढ़ की निर्वाचक नामावली का प्रारूप 24 मार्च, 2026 को प्रकाशित कर दिया गया है। यह सूची विधानसभा निर्वाचक नामावली (अंतिम प्रकाशन 7 जनवरी 2025) के आधार पर तैयार की गई है।निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, संशोधन या आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। जिन मतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं हैं, वे अपने संबंधित वार्ड के मतदान केंद्र पर निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगर परिषद) एवं उपखंड मजिस्ट्रेट श्री मांगीलाल ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने नाम की पुष्टि अवश्य कर लें। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल, 2026 को किया जाएगा।

### समर्थन मूल्य पर चना-सरसों खरीद शुरू

**नोहर,** (निसं)। यहां सहकारी क्रय विक्रय समिति लि. द्वारा समर्थन मूल्य पर चना व सरसों की खरीद प्रक्रिया जारी है। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में बदलते मौसम के कारण चने में नमी बढ़ना स्वाभाविक हो गया है। केवीएसएस चेयरमैन धर्मपाल ढिल ने जानकारी देते हुए किसानों से अपील की है कि समर्थन मूल्य पर चना खरीद के लिए नमी की अधिकतम सीमा 14 प्रतिशत निर्धारित की गई है। ऐसे में किसान अपनी उपज को अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी प्रांगण में लेकर आएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की खरीद के लिए तिथि पहले ही निर्धारित हो चुकी है, लेकिन नमी के कारण वे समय पर उपज नहीं ला पाए और उनकी समयावधि समाप्त हो गई है, उनके लिए समिति स्तर पर राजफैड को पत्र लिखकर समय बढ़वाने की प्रक्रिया की जाएगी।

### सोमनाथ द्वारका तीर्थ यात्रियों का दल रवाना

**रतनगढ़** (निसं)। शहर के सिद्धपीठ श्री संकटमोचन वीर हनुमान (तालवाले बालाजी)मंदिर प्रांगण से भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका और सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के लिए तीर्थ यात्रियों का दल आज प्रातःपुजारी मनोजकुमार इंदोरिया के सानिध्य में रवाना हुआ। श्री ताल श्याम मंदिर के पुजारी राकेश इंदौरिया ने कहा कि सनातन संस्कृति में तीर्थ यात्रा का विशेष महत्व है। तीर्थ मानव को मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।तीर्थ यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ देश को एक सूत्र में पिरोए रखने का माध्यम भी है। भगवान श्री कृष्ण की नगरी द्वारका भगवान शिव का सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का पुण्य अर्जित करने जा रहे है सभी यात्री बधाई के पात्र है इस अवसर पर ओम सारस्वत ने यात्रा पर जा रहे सभी यात्रियों को सफल सुखद और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

# पीपीई किट पहनकर प्रिंसिपल ने मधुमक्खियों के छत्ते हटाए

■ चूरू मेडिकल कॉलेज में छुट्टी के दिन 5 घंटे में 7 छत्ते तोड़े

**चूरू** (निसं)। मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार ने खुद पीपीई किट पहनकर मधुमक्खियों के छत्ते हटाने उतर गये।

इस दौरान करीब 5 घंटे में कड़ी मशक्कत के बाद कॉलेज बिल्डिंग से 7 बड़े मधुमक्खियों के छत्तों के हटाया गया। इस काम के लिए रविवार का छुट्टी का दिन चुना, ताकि स्टूडेंट्स को भी परेशानी नहीं हो। मधुमक्खियों ने सिक्योरिटी गार्ड पर किया था हमला। मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग में बने इन छत्तों के कारण छात्रों पर बड़े हमले का खतरा मंडरा रहा था। 3 अप्रैल की रात में एक सिक्योरिटी गार्ड पर ड्यूटी के दौरान मधुमक्खियों ने हमला किया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई थी।

किसी ने छत्ते तोड़ने के लिये हामी नहीं भरी, तो प्रिंसिपल खुद उतरे मैदान में। कॉलेज में संभावित खतरे को देखते हुए डॉ. पुकार ने छत्तों को हटाने की योजना बनाई। उन्होंने जिले में मधुमक्खी के छत्ते हटाने वाले विशेषज्ञों से संपर्क किया, लेकिन मधुमक्खियों के बढ़ते हमलों के कारण किसी ने भी यह काम करने की हामी नहीं भरी। इसके बाद डॉ. पुकार ने स्वयं यह जिम्मेदारी उठाने का निर्णय लिया।

**5 घंटे में सभी 7 छत्तों को हटाया:-** रविवार को अवकाश का दिन होने के कारण डॉ. पुकार ने व्यक्तिगत रूप से पीपीई किट पहनकर छत्तों को हटाने का कार्य शुरू किया। उन्होंने लगभग 5 घंटे की मशक्कत के बाद कॉलेज बिल्डिंग से सभी 7 छत्तों को सफलतापूर्वक हटा दिया। टीम में प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार, सेंट्रल लैब इंचार्ज डॉ. नदीम, मैस कर्मचारी सुमेर और कॉलेज कर्मचारी जगदीश वार्ड बॉय शामिल थे। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड नेमीचंद, इंतजार खान, सिक्योरिटी गार्ड इंचार्ज कैप्टन रघुवीर सिंह, एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट वेदप्रकाश खींची और सफाई कर्मचारी पूजा भी इस अभियान में शामिल थी।

**हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स को शिफ्ट करवाया:-** अभियान शुरू करने से पहले प्रिंसिपल पुकार ने मेडिकल कॉलेज हॉस्टल में रहने वाले सभी स्टूडेंट्स को दूसरी जगह कुछ देर के लिए शिफ्ट करवाया। उसके बाद छत्तों से मधुमक्खियां को उड़ाया। जिन स्थानों पर छत्ते लगे हुए थे, वहां पर केमिकल और डीजल का छिड़काव किया गया। हॉस्टल से छत्ते हटाने का काम रविवार दोपहर करीब 1 बजे शुरू किया, जो शाम करीब 6 बजे पूरा हुआ।

**गर्ल्स हॉस्टल में 3 और बॉयज हॉस्टल में 4 छत्ते थे:-** मधुमक्खियां के छत्ते गर्ल्स और बॉयज हॉस्टल में थे। गर्ल्स हॉस्टल में 3 और बॉयज हॉस्टल में 4 छत्ते थे। यह हॉस्टल 2018 में बनकर तैयार हुए थे, जो 4 मंजिला है।

**छात्रों पर मंडरा रहे खतरे को टाला:-** डॉ. पुकार ने बताया कि अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में अक्सर मधुमक्खी के हमले से घायल लोग आते हैं। अधिकतर हमले खेतों में होते हैं, जहां घायलों की संख्या सीमित रहती है।

हालांकि, मेडिकल कॉलेज की अलग-अलग बिल्डिंगों में बने इन 7 बड़े छत्तों से सैकड़ों मेडिकल छात्रों के घायल होने का बड़ा खतरा था, जिसे उन्होंने समय रहते टाल दिया। इस कार्य में सेंट्रल लैब प्रभारी डॉ. नदीम, एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट वेदप्रकाश खींची, सिक्योरिटी सुपरवाइजर रघुवीर सिंह, सहायक छोटू, प्रीतम और पूजा ने भी सहयोग किया।

### युनाइटेड प्रेस सोसायटी के चुनाव सम्पन

**नोहर,** (निसं)। यहां युनाईटेड प्रेस सोसायटी के चुनाव कमला टावर स्थित कार्यालय में उपस्थित पत्रकारों की मौजूदगी में पूर्ण हुए। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष मोहरसिंह द्वारा की गई।

अध्यक्ष द्वारा सदन को बैठक के दौरान महत्वपूर्ण बिंदु व विशेष मामलों से अवगत करवाया गया। समस्त बिंदुओं पर सदन द्वारा गहन मंथन किया गया व प्रस्ताव पारित किया जाकर निर्णय पारित किया गया कि सोसायटी के सुचारु संचालन हेतू अविलंब चुनाव व कार्यकारिणी के गठन व घोषणा की आवश्यकता है। वर्तमान अध्यक्ष द्वारा कार्यवाही रजिस्टर की प्रति, पंजीयन प्रमाण-पत्र, संविधान के दस्तावेज सदन के सामने रखे गए व पत्रावलियों का अध्ययन सहित अवलोकन करवाया गया। बैठक में सोसायटी के संस्थापक सदस्य धर्मपाल चौधरी द्वारा अध्यक्ष पद के लिए मोहरसिंह के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिस पर सभी सदस्यों व आमंत्रित सदस्यों ने सर्वसम्मति से मोहरसींह को एकबार फिर से सोसायटी का अध्यक्ष चुन लिया गया। राजीव ओझा सचिव, सोनी शर्मा कोषाध्यक्ष, धर्मपाल चौधरी, मोहनलाल मीणा, आजयकुमार हिसारिया, प्रदीप शर्मा को संरक्षक, हरीश चंद्र आचार्य, मनोज कौशिक, इंद्राज पारीक, नरेंद्र सोनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जयलाल वर्मा, विनोद चौधरी महासचिव, विकास सोनी को संगठन मंत्री बनाया गया।

# ईशकपुरा हत्याकांड के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**खेतड़ी** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के ईशकपुरा में गोली मारकर युवक की हत्या करने के आरोपियों को पुलिस पकड़ नहीं पाई है। सोमवार को ग्रामीणों की ओर से पुलिस को दिया गया अल्टीमेटम खत्म होने के बाद डूमोली खुर्द स्टैंड पर सिंघाना-नारनौल सड़क पर जाम लगा दिया।

मुख्य सड़क पर जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मुकेश कुमार अपने परिवार का इकलौता सहारा था। बदमाशों की गोली से शिकार होने से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ सा टूट गया है। मृतक मुकेश कुमार की मां बिमार रहती है तथा घर में दो बहनों का मुकेश ही सहारा था। क्षेत्र में कानून का राज पूरी तरह से खत्म हो गया है। शुक्रवार शाम को हुई फायरिंग के आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर चल रहे हैं। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं करने से बदमाशों के हौंसले बुलंद हो रहे है तथा अपराधिक घटनाएं भी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वारदात के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को 24 घंटे का समय दिया गया था। इस दौरान डीएसपी ने उच्च अधिकारियों से बात कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया था, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस वारदात के आरोपियों को गिरफ्तार करना तो दूर उनका सुराग तक नहीं लगा पाई है। जानकारी के अनुसार डूमोली कलां निवासी मुकेश कुमार (23) पुत्र रामनिवास को शुक्रवार शाम बाइक सवार बदमाश विजय कुमार व उसके दोस्तों ने उसे रोक लिया तथा कहासुनी होने पर उसके सीने में गोली मारी दी थी। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा तब तक ग्रामीणों की ओर से आंदोलन जारी रहेगा। सड़क पर जाम लगाए जाने की सूचना पर पचेरीकलां थानाधिकारी बनवारीलाल यादव, बुहाना थानाधिकारी बिमला बुडानिया, सिंघाना थानाधिकारी सुगन सिंह सहित अन्य थानों का पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। इस मौके पर युवा नेता नौरंग डांगी, योगेश गुर्जर, नौरंग गुर्जर, राजेश कसाणा, महेंद्र कुमार, सुनील कुमार, सुंडाराम, रामौतार, रामशरण सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**वाहनों को पचेरीकलां से किया डायवर्ट:-** डूमोली खुर्द स्टैंड पर जाम लगाने के बाद नारनौल से सिंघाना, चिड़ावा, झुंझुनूं का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। इसके बाद पुलिस ने पचेरीकलां में बस स्टैंड पर बैरिकेड लगाकर वाहनों का डायवर्ट पचेरीकलां से बुहाना होकर कर दिया गया। सड़क पर जाम लगाने से वाहनों की लंबी लाइन लग गई जिस पर पुलिस ने वाहनों को वापस भेज कर दूसरे रास्तों से निकाला गया।

दो घंटे बाद खोला गया सड़क जाम, गवाहों की सुरक्षा के लिए तैनात किए जाएंगे पुलिस के हथियारबंद जवान:- ईशकपुरा हत्याकांड के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से डूमोली खुर्द स्टैंड पर लगाया गया जाम दो घंटे बाद पुलिस ने समझाइश कर हटवा दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों के बीच समझौता वार्ता का आयोजन किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने गवाहों की सुरक्षा करने, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने व पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की। इस दौरान पुलिस की ओर से गवाहों की सुरक्षा के लिए मृतक मुकेश के गांव डूमोली कलां में व घटना के गांव ईशकपुरा में आरोपी गिरफ्तार होने तक हथियारबंद जवान तैनात करने, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने व मुआवजा प्रक्रिया जल्द करवाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान एएसपी फूलचंद मीणा, डीएसपी नोपाराम भाकर, तहसीलदार बजरंग जाखड़ सहित पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

# जापान से चूरू अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि मनाने पहुंचता है चूरू का प्रसिद्ध बैद परिवार

■ कलयुग में अपने पुर्वजों के प्रति सम्मान आमजन में एक मिशाल

**चूरू** (निसं)। चूरू शहर देश व प्रदेश में न केवल पुरातन हवेलियों व विभिन्न हस्त कलाओं के लिए जाना जाता हैं बल्कि चूरू शहर का अपना गौरवशाली इतिहास, संस्कार व अपने पुरखों के प्रति अत्यंत प्रेम व सम्मान के लिए भी जाना जाता रहा है। जिसका जिवन्त उदाहरण हैं चूरू में उपस्थित बैद परिवार। चूरू के प्रसिद्ध सेठ रहे जोहरी मल जी बैद के पड पौत्र आज भी अपने दादा व पडदादा की पुण्यतिथि को मनाने के लिए न केवल किसी अन्य शहर से बल्कि दूसरे देश से चूरू आकर अपने पुरखों की पुण्यतिथि मनाते हैं जो उनके पुरखों के प्रति अत्यन्त प्रेम व सम्पर्ण को दर्शाता है।

चूरू के प्रसिद्ध बैद परिवार के श्रीपत बैद अपने पिता सुमन बैद व अपने दादा रायचंद बैद व पड दादा जोहरीमल जी बैद की पुण्यतिथि मनाने के लिए जापान से हर वर्ष 21 मार्च को चूरू में उनकी पुण्यतिथि पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते है।जिसमें झूमर मल कोठारी जो उनके बुआ का परिवार है वह भी उपस्थित रहते है ।श्रीपत बैद ने बताया कि न केवल वह बल्कि उनके भाई शेखर जैन, उनकी बहने सुषमा व शोभा भी अपने पूरे परिवार के साथ अपने पुरखों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पण करने के लिए हर वर्ष चूरू पहुंचती है।

श्रीपत बैद ने बताया कि वह जापान निवास करते हैं और जापान से केवल वह ही नहीं उनकी पत्नी आयूनी बैद, बेटा युग व बेटी ईदा भी उनके साथ जापान से चूरू आते है। बैद परिवार का यह नियम न केवल अपने पुरखों के प्रति सम्मान को दर्शाता हैं बल्कि अपनी मातृभूमि के प्रति अत्यन्त प्रेम का भी उदाहरण है। कलयुग में जहां एक ओर बेटे अपनी माता पिता की सेवा तक नहीं करते वही दूसरी और बैद परिवार का अपने पुर्वजों के प्रति अत्यन्त प्रेम व स्नेह वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आम जनता के सामने एक मिशाल है। इसीलिए शायद यह कहा हैं गया हैं कि अच्छे संस्कार ही अच्छे परिवार का सृजन करते हैं। साथ ही जापान से घूमने आए बच्चों ने बताया कि चूरू की पुरानी हवेलियां व पुरानी विरासत उनके लिए स्मरणीय है।

### धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है मंदिर माफी जमीन का मामला

**पाटन** (निसं)। हसामपुर के निकट ग्राम बक्शीपुरा में मंदिर माफी भूमि पर अवैध किए गए कब्जे का मामला अब धीरे-धीरे तूल पकड़ता हुआ जा रहा है। मंदिर महंत बलवीर दास द्वारा उपरोक्त प्रकरण की शिकायत उपखंड अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को की जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से महंत बलवीर दास ने साधु संतों को इसकी जानकारी दी। अब अनेक बड़े संतों के वीडियो वायरल होने लगे हैं जिससे लगता है कि इस प्रकरण को साधु संतों द्वारा ही निपटाया जाएगा। दरअसल बक्शीपुरा में स्थित ठाकुर जी के मंदिर का जीर्णोद्वार कर मंदिर को भव्य बनाया गया था तथा मंदिर महंत बलबीर दास द्वारा ठाकुर जी की पूजा अर्चना शुरू की गई थी। मंदिर के अधीन 9.70 हेक्टेयर जमीन राजस्व रिकॉर्ड में मंदिर के नाम दर्ज है। तथा वास्तविक मालिकाना हक भी मंदिर का ही है परंतु इस मंदिर माफी जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया।

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता संकल्पबद्ध : टीटी

**चूरू** (निसं)। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व धर्मेन्द्र राकसिया की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील गहलोत, निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला सह संयोजक भास्कर शर्मा, वरिष्ठ नेता फतेहचन्द सोती, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, दौलत तंवर, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, जिला मंत्री दीनदयाल सैनी, भंवर गुर्जर, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत मेघवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अख्तर खान मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा लगातार राष्ट्रवादी विचारधारा से आगे चल रही है। इस पार्टी में सामान्य कार्यकर्ता अपनी मेहनत और लगन से उच्च पदों पर पहुंच सकता है। भाजपा ने 47 वर्ष की यात्रा में लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पूर्ण मेहनत के साथ इस पार्टी ने कार्य किया है, उससे आज यह पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन चुकी है। उन्हांने जनसंघ से भाजपा तक के प्रमुख पड़ावों की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे नेताओं के त्याग और बलिदान की वजह से ही आज देश में लोकतंत्र जिंदा है।

उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किये नारी सम्मान बिल की चर्चा की करते हुए कहा कि नारी शक्ति का सम्मान और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम है, क्योंकि हम व्यक्ति से बड़ा संगठन और संगठन से बड़ा देश को मानते है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत को याद करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने अंत्योदय योजना को लागू कर प्रदेश के अंतिम व्यक्ति के लिए कार्य किया। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा एक परिवार की बात की जबकि भाजपा ने पूरे भारत देश के परिवार की बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी की स्थापना दिवस से आज तक लगातार पार्टी के कार्य चलेंगे, जिसमें अम्बेडकर जयंती तक पार्टी विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि भाजपा संगठन ने सभी वर्गों के लिए कार्य किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं का सम्मान किया है। इस अवसर पर एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं के लिए भाजपा मां की तरह कार्य कर रही है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बंसत शर्मा, जिला सहसंयोजक भास्कर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, फतेहचंद सोती, धर्मेन्द्र राकसिया, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील गहलोत ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता विजय शर्मा, संदीप पाटिल, महेश मिश्रा, कमल बुढ़ाढ़रा, भाजयुमो जिला महामंत्री जयपाल सिंह टकणेत, कैलाश शर्मा, रजत शर्मा, आकाश सैनी, पार्षद ममता जोशी, लक्ष्मीदेवी, राकेश दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने किया।

## सार-समाचार

### मीना की नांगल में अवैध रास्ता रोका, भारी वाहनों की आवाजाही बंद

**पाटन** (निसं)। तहसीलदार कार्यालय पाटन के अनुसार राजस्व ग्राम मीना की नांगल में चारागाह भूमि पर अवैध रास्ते के उपयोग को प्रशासन ने रोक दिया है। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय जयपुर के आदेश की पालना में की गई।जानकारी के मुताबिक एसबी सिविल रिट याचिका संख्या 25152/2018 में पारित निर्णय के तहत खसरा नंबर 808/1, 948, 807, 149, 951/1156, 928, 928/1157 स्थित चारागाह भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अतिक्रमण व अवैध उपयोग रोकने के निर्देश दिए गए थे।इसी क्रम में 6 अप्रैल 2026 को तहसीलदार सुभाष चंद्र, पुलिस जाब्ता तथा अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में मौके पर कार्रवाई की गई। प्रशासन ने लीज क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए तीन स्थानों पर गहरे गड्ढे करवाकर रास्ता बंद कर दिया।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि संबंधित खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार का अवैध रास्ता नहीं बनाया जाएगा। हालांकि आम रास्ता और पशुओं के आवागमन के लिए मार्ग सुचारु रूप से चालू रहेगा।इसके साथ ही ग्राम पंचायत को चारागाह भूमि के संरक्षण एवं वृक्षारोपण के निर्देश दिए गए हैं। जबकि करजो से मीना की नांगल जाने वाले रास्ते पर स्थित क्रेशर प्लांट में आने जाने के लिए जो आम रास्ता बनाया गया है वह गोचर भूमि से ही बना रखा है। ग्रामीणों के द्वारा अनेकों बार प्रशासन को अवगत भी करवाया गया उसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा आज तक गोचर भूमि से निकाले गए रास्ते को बंद नहीं किया गया तथा ना ही कोई कार्रवाई की गई।

### पैट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर बैठक

**हनुमानगढ़,** (निसं)। मध्य-पूर्व एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर एलपीजी एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग एवं वाणिज्य) की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में विभिन्न उपभोक्ता वर्गों के लिए गैस आपूर्ति के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए। निर्णय अनुसार औद्योगिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत मासिक खपत का 40 प्रतिशत तथा होटल एवं रेस्टोरेंट्स को 60 प्रतिशत गैस की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही औद्योगिक श्रमिकों को प्रति श्रमिक अधिकतम 5 किलो के दो गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में कोयले के उपयोग पर भी जोर दिया गया। उद्यिमयों को आवश्यकता अनुसार कोल इंडिया लिमिटेड से ई-ऑक्शन के माध्यम से मांग दर्ज कराने के लिए कहा गया, ताकि भारत सरकार से अतिरिक्त आवंटन के लिए अनुरोध किया जा सके। महाप्रबंधक आकाशदीप ने इस संबंध में जानकारी दी।

### रावणा राजपूत समाज के भवन व छात्रावास भवन का किया शिलान्यास

**चूरू** (निसं)। रावणा राजपूत समाज के भवन व छात्रावास निर्माण की आधारशिला रविवार को रखी गई। रावणा राजपूत विकास संस्थान के तहसील अध्यक्ष मानसिंह भाटी ने बताया कि समाज के भामाशाहों के सहयोग से रतनगढ़ रोड स्थित आस्था नगर में पं. गिरधारी लाल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार से विधिवत् पूजा-अर्चना कर भवन की आधारशीला रखी। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थ